तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 5.9 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार, 13 दिसंबर 2023



## खबर संक्षेप

### लोन की राशि हड़पने वाले दो पकड़े
**पानीपत।** थाना शहर पुलिस ने विद्यानंद कॉलोनी निवासी महिलाओं को स्कीम के तहत लोन दिलाने के नाम पर दस्तावेज लेकर धोखाधड़ी से लोन की तीन लाख की राशि हड़पने के मामले में गिरोह के दो आरोपियों नरेंद्र निवासी सौंदापुर चौक जाटल रोड पानीपत व महताब निवासी कैराना शामली को काबू किया। पुलिस ने आरोपी नरेंद्र के कब्जे से 45 हजार व एटीएम कार्ड बरामद किए है।

### गैस भरते हुए वैन में आग लगी
**समालखा।** पानीपत के गांव पट्टीकल्याण जीटी रोड स्थित सीएनजी पंप पर मंगलवार को अचानक से गाड़ी में सीएनजी भरते हुए ब्लास्ट हो गया तथा कार में आग लग गई। ब्लास्ट इतना भयानक था कि साथ खड़ी एक वैन को भी अपने चपेट में ले लिया। गनीमत रही कि कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। एक गाड़ी पूरी तरह जल गई जबकि वैन के एक हिस्से में आग लग गई। दमकल ने आग को काबू किया।

### यूनिसेफ स्थापना दिवस मनाया
**पानीपत।** बाल विकास एवं बाल अधिकार संरक्षण को समर्पित संस्था यूनिसेफ स्थापना दिवस आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल में मनाया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय के कोषाध्यक्ष महताब मलिक रहे व आर्य समाज काबडी के उप प्रधान ओम दत्त आर्य विशिष्ठ अतिथि रहे। अध्यक्षता प्राचार्य सत्यवान आर्य ने की। इस अवसर पर बाल विकास और बाल संरक्षण विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता भी करवायी गई।

### हादसे में हुई मौत के मामले में चालक काबू
**बराड़ा।** सडक़ दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी दलीप कुमार को काबू कर लिया है। परिवादी शिव कुमार ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 28 नवंबर 2023 को सांई बाबा मंदिर के पास आरोपी वाहन चालक ने लापरवाही व तेज गति से वाहन चलाते हुए उसके चचेरे भाई अजय को टक्कर मारी जिससे उसकी मौत हो गई।





# शिल्पकारों की कला के मुरीद हुए देश-विदेश के पर्यटक

### अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 में पहुंचने लगे है शिल्पकारों की कला के कद्रदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 में ब्रह्मसरोवर के चारों ओर शिल्पकारों व दस्तकारों का बाजार सज चुका है। देश के विभिन्न हिस्सों से दस्तकार अपनी-अपनी कला के नमूने शिल्प और सरस मेले में ब्रहमसरोवर के पावन तट पर प्रदर्शित कर रहे है और हरियाणा प्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ साथ पड़ोसी राज्यों के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे है। विभिन्न राज्यों के दस्तकारों व शिल्पकारों के इस एकीकरण से कला के कदरदान भी अपनी पसंद की कलात्मक वस्तुओं का चयन करने में पूरा समय लगा रहे हैं और महोत्सव का भरपूर फायदा लेते हुए जमकर खरीदारी कर रहे हैं। विभिन्न राज्यों से आये दस्तकारों व शिल्पकारों के चेहरे भी भीड़ देखकर खुश थे, क्योंकि दस्तकारों के लिए अपनी कला को प्रदर्शित करने का महोत्सव एक बड़ा अवसर उपलब्ध करवाता है। गीता महोत्सव के सरस और शिल्प मेले में विभिन्न राज्यों से आए दस्तकार व शिल्पकार जो अपने-अपने राज्यों की कला विशेष को प्रस्तुत किए हुए है, उनमें देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश के बनारस से आए दस्तकार कडुआ बूटी प्रिंटिंग वाली मशहूर बनारसी साड़िया, इसी राज्य के मनका युक्त आर्टिफिशियल आभूषण व चाइना मिट्टी से बने सेरामिक कोटरी व हैंड पेंटेड क्राकरी, पश्चिम बंगाल की विशेष टेराकोटा मिट्टी व लकड़ी से बनी दस्तकारी के सजावटी सामान, राजस्थान की वेलवेट परहैंड मेड वाटर कलर पेंटिंग, गुजराती दस्तकारों द्वारा सूती कपड़े पर हाथ की छपाई वाले आकर्षक डिजाइन से तैयार बेड शीट, सोफा कवर, पर्दे, तकिया कवर इत्यादि शामिल है, को पर्यटक खुब पसंद कर रहे हैं। महोत्सव में इसी तरह पश्चिम बंगाल के सूखे सजावटी व आकर्षक फूल, आसाम के दस्तकारों द्वारा बम्बू से बनाई सजावटी व घरो में प्रयोग होने वाली वस्तुएं, उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ की ब्रास मेटल की आकर्षक मूर्तियां व अन्य कलाकृतिया, पंजाब की मशहूर फुलकारी के डिजाइन वाले वस्त्र, हरियाणा की हैंड एम्ब्रॉयडरी, राजस्थान के दस्तकारों द्वारा बनाई पत्थर की आकर्षक मूर्तियां, कश्मीर के दस्तकारों को विशेष पहचान दिलाने वाली पश्मीना शाल व कश्मीरी वस्त्र तथा देवभूमि हिमाचल के दस्तकारों द्वारा बनाई गई विशेष हिमाचली टोपी व अन्य डिजाइनर हाथ की कढ़ाई वाले गर्म कपड़े पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।



### अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव से मिल रही अनोखी पहचान
अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के कारण ही धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र को शिल्प और लोक कला केंद्र के रुप में एक अनोखी पहचान मिल रही है। इस गीता स्थली



कुरुक्षेत्र की गोद में देश की लगभग सभी राज्यों की लोक कला और संस्कृति समा गई है। इस लोक कला और संस्कृति को देखने के लिए हर वर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक कुरुक्षेत्र पहुंच रहे हैं। इस वर्ष भी गीता महोत्सव के मंच पर देश के विभिन्न राज्यों से 800 से ज्यादा शिल्पकार पहुंचे हैं और देश के 13 से ज्यादा राज्यों के लोक कलाकार अपने-अपने प्रदेश की संस्कृति की छटा बिखेर रहे थे। इस धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र को शिल्प और लोक कला केंद्र के रुप में पहचान दिलाने का सारा श्रेय मुख्यमंत्री मनोहर लाल को जाता है। धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र के ब्रहमसरोवर और आसपास के क्षेत्र को देखकर ऐसा लग रहा है मानों भारतवर्ष की संस्कृति व शिल्पकला एक लघु भारत के रुप में ब्रहमसरोवर पर उमड़ आई हो। गीता महोत्सव में अनेक राज्यों से आए कलाकार अपनी हस्तकला के माध्यम से अपनी कला का हुनर दिखा रहे हैं।

### साइकिल चक्की से मिनटों में पिस जाएगा गेहूं, साथ में बनी रहेगी सेहत
अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में सुरेश कुमार साइकिल वाली चक्की लेकर आए है। इस मशीन से आटा पीसने के कारण, एक तो शारीरिक व्यायाम भी हो जाता है। इस चक्की को साइकिल की तर्ज पर तैयार किया गया है। चक्की पर भी पैडल लगाए गए हैं। करीब एक घंटा साइकिल वाली चक्की को चलाकार चार से साढ़े चार किलो अनाज आसानी से पीसा जा सकता है। इतना ही नहीं चक्की में अनाज को मोटा पीसना है या बारीक, इसके लिए भी विकल्प दिया हुआ है। अनाज पीसने के साथ-साथ शरीर की कैलोरी भी बर्न होगी। सुरेश कुमार ने बताया कि उसने सबसे पहले साइकिल वाली चक्की 2020 में बनाई थी। उसने एक साइकिल खरीदी और उसे आधे हिस्से में काटकर आगे वाले हिस्से में एक चक्की फिट कर दी, लेकिन अनाज पीसने के लिए आगे पत्थर लगे होने के कारण वह काफी भारी चलती थी, जिससे चलाने वाला बहुत जल्दी थक जाता। ऐसे में उसने साइकिल में एक गियर बॉक्स डाल दिया, जिससे कि अनाज की पिसाई के समय पैडल आसानी से घूमने लगे। साइकिल वाली इस चक्की को हाथ से भी चलाया जा सकता है। सुरेश ने बताया कि साइकिल वाली चक्की में पिसाई के लिए जिन पत्थरों का इस्तेमाल किया गया है। वह पहाड़ों की मजबूत चट्टान का है। यह पत्थर इतनी आसानी से नहीं टूटता। साइकिल वाली चक्की सालों साल चलने वाली है।





कुरुक्षेत्र। प्रस्तुति देते गतका पार्टी के सिख। फोटो : हरिभूमि

### प्रदर्शनी में नजर आएगी हरियाणा के विकास की तस्वीर
मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव तथा सूचना जनसम्पर्क भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक डा. अमित अग्रवाल ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 में सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की राज्यस्तरीय प्रदर्शनी में हरियाणा के विकास की तस्वीर नजर आएगी। इस राज्यस्तरीय प्रदर्शनी में प्रदेश सरकार के पिछले 9 साल के बड़े प्रोजेक्ट और योजनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके अलावा कुरुक्षेत्र 48 कोस के तीर्थों, महाभारत के 18 अध्यायों, गीता के उपदेशों को दर्शाया जाएगा और सेल्फी प्वाइंट भी रखे जाएंगे। महानिदेशक डा. अमित अग्रवाल मंगलवार को राज्यस्तरीय प्रदर्शनी की तैयारियों को लेकर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य स्तरीय प्रदर्शनी की सभी तैयारियां और विभागों के द्वारा सभी स्टॉल 16 दिसंबर को सायं 5 बजे तक तैयार किए जाने है। इसलिए निर्धारित समयावधि में सभी तैयारियां पूरी करना सुनिश्चित करेंगे। इस राज्यस्तरीय प्रदर्शनी का उदघाटन 17 दिसंबर को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ करेंगे।

- **प्रदेश सरकार के पिछले 9 साल के बड़े प्रोजेक्ट और योजनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा**

### सजने लगा असम प्रदेश की संस्कृति का मंच
ब्रहमसरोवर के पावन तट पुरुषोतमपुरा बाग में असम प्रदेश की संस्कृति का मंच सजने लगा है। यह मंच अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 के अवसर पर



लगने जा रहा है। इस बार असम प्रदेश की सरकार ने महोत्सव में पाटनर राज्य की भूमिका अदा की है। इसलिए असम सरकार की तरफ से ब्रहमसरोवर के फ्लैग ग्राउंड में असम पवेलियन की स्थापना की जा रही है। इस पवेलियन का शुभारंभ 17 दिसंबर को किया जाएगा और 24 दिसंबर तक लोग इस पवेलियन का अवलोकन कर सकेंगे। अतिरिक्त उपायुक्त एवं केडीबी सीईओ अखिल पिलानी ने बातचीत करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में हर वर्ष किसी ना किसी राज्य को पार्टनर राज्य के रुप में आमंत्रित किया जाता है।



कुरुक्षेत्र। महोत्सव के दौरान मटके पर खड़े होकर प्रस्तुति देते कलाकार। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को भी उंगलियां चबाने पर मजबूर कर दिया। फोटोः हरिभूमि

# स्मैक सहित युवक को पुलिस ने किया काबू

**यमुनानगर।** थाना छप्पर पुलिस ने गांव कलावड़ टी प्वाइंट से कार में नशीले पदार्थ की सप्लाई करने जा रहे युवक को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान आरोपी से 34.55 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना छप्पर पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव कलावड़ निवासी अवनीश उर्फ किन्नू नशीला पदार्थ बेचने का धंधा करता है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने गांव कलावड़ के पास नाका लगाकर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद उन्हें एक कार आती दिखाई दी। जब पुलिस टीम ने कार को रोककर उसकी तलाशी ली तो कार से 34.55 ग्राम स्मैक बरामद हुई। आरोपी की पहचान अवनीश के रूप में हुई। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- **आरोपी से बरामद हुई 34.55 ग्राम स्मैक**

# शुगर मिल के पीछे संदिग्ध हालत में मृत मिले दो युवक

**शाहबाद।** हल्का शाहाबाद के शुगर मिल के पीछे दो युवकों को संदिग्ध हालत में मृत पाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक सुबह 8 बजे सामुदायिक अस्पताल में 108 नंबर से फोन आया कि शुगर मिल के पीछे जनदेहडी रोड पर दो युवक मृत अवस्था में पड़े है। मृतकों की पहचान सतनाम सिंह मोहल्ला माजरी उम्र लगभग 40 वर्ष और दूसरा युवक गांव जंधेड़ी का बताया जा रहा है । ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि युवकों ने रात को कोई नशा किया है और पूरी रात ठंड के कारण उनकी मौत हो गई है। दोनों युवको के शवों को नागरिक अस्पताल के शव ग्रह में रखा गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया गया है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए एलएनजेपी कुरुक्षेत्र भेजा जाएगा। उसके उपरांत परिजनों को शव सुपुर्द कर दिए जाएंगे।

# युवक दो बच्चों की मां को लेकर फरार

## महिला घर से जेवर, 53 हजार व बैंक की पासबुक साथ लेकर गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव मलिकपुर निवासी जोनी दो बच्चों की मां को शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया। महिला घर से जेवर, 53 हजार रुपये व बैंक की पासबुक भी साथ लेकर गई। पुलिस ने महिला के पति की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार साढौरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पास दो बच्चे हैं। उसकी 32 वर्षीय पत्नी तीन दिसंबर को किसी काम से घर से बाहर गई थी। मगर उसके बाद वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कुछ भी पता नहीं चला। घर की जांच करने पर जेवर, 53 हजार रुपये व बैंक की पासबुक गायब मिली।

- **महिला के पति ने आरोपी युवक पर लगाया पत्नी को शादी का झांसा देकर अगवा करने का आरोप**

### पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया
जांच के दौरान उसे पता चला कि उसकी पत्नी को गांव मलिकपुर निवासी जोनी शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# कार की टक्कर लगने से साइकिल चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के शादीपुर-करेहड़ा रोड पर कार की टक्कर लगने से साइकिल चालक की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बिहार के जिला छपरा निवासी नीलमनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने परिवार के सदस्यों के साथ शादीपुर सरकारी स्कूल के पास किराये के मकान में रहता है। उसका पिता चंदेश्वर प्रसाद प्लाईवुड फैक्टरी में मेहमन मजदूरी करते थे। नौ दिसंबर को शाम साढ़े छह बजे उसका पिता फैक्टरी से काम खत्म करके साइकिल पर घर लौट रहा था। जब वह शादीपुर करेहड़ा रोड पर पहुंचा तो तेज गति से आ रही कार ने उसके पिता की साइकिल को टक्कर मार दी। जिससे उसका पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने उसके पिता को सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे पीजीआई रैफॅर दिया। जहां पर इलाज के दौरान उसके पिता की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## सुबह नौ बजे तक घने कोहरे में सड़कों पर रेंगते रहे वाहन

# कंपकपाती ठंड ने जनजीवन किया अस्त व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में पिछले कई दिन से घना कोहरा छाए रहने से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। मंगलवार को तीसरे दिन भी सुबह के वक्त घना कोहरा छाया रहा और शीतलहर चलने से मौसम में ठंड बढ़ गई। मौसम में ठंड बढ़ने से लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए। आलम यह है कि पिछले कई दिन से सुबह के वक्त लोगों को अपने गंतव्य पर पहुंचने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, ठंड की ठिठुरन में नन्हें मुन्ने बच्चों को ठिठूरते हुए अपने स्कूलों में पहुंचना पड़ रहा है।

मंगलवार अलसुबह तीन बजे से ही जिले में घना कोहरा छा गया था और शीतलहर चल रही थी। सुबह नौ बजे तक जिले में घना कोहरा छाया रहने से लोग परेशान रहे। सुबह दस बजे के करीब अच्छी धूप निकलने पर लोगों ने घरों से बाहर निकलकर किसी तरह अपने कामकाज निपटाए। सुबह के वक्त घना कोहरा छाए रहने से जहां ट्रेने अपने निर्धारित समय से देरी से पहुंची। वहीं, बसों की रफ्तार भी धीमी रही और वह अपने गंतव्य पर देरी से पहुंची।

- **मौसम में ठंड बढ़ने से लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए**



यमुनानगर। मंगलवार सुबह के वक्त घने कोहरे के बीच सड़कों पर रेंगते वाहन।

### बाजारों में ग्राहकों की कम रही आवक
पिछले कई दिन से पड़ रही ठंड की वजह से बाजारों में ग्राहकों की कमी दर्ज की गई है। मंगलवार को बाजारों में ग्राहक कम संख्या में पहुंचे। जिससे दुकानदारी ठंडी रही। दुकानदार विक्रांत, सुनील, अमित सैनी व विशाल आदि ने बताया कि पिछले कई दिन से मौसम काफी खराब चल रहा है। जिसकी वजह से बाजारों मे ग्राहकों की कमी होने लगी है। दोपहर के वक्त ही ग्राहक अपने घरों से बाहर निकल रहे हैं। मंगलवार को घना कोहरा छाए रहने से जिले का अधिकतम तापमान घटकर 22 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम मात्र 6 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।

# चोरी करने के तीन आरोपी दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सीआईए-1 की टीम ने चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से नकदी सहित सामान व ई-रिक्शा बरामद की गई है। टीम इंचार्ज एसआई अनिल कुमार के नेतृत्व में विश्वसनीय सूचना पर आरोपी बबलू निवासी हकीकत नगर करनाल, प्रवीण कुमार उर्फ पन्नू निवासी मुखाल हाल किरायेदार शिव कॉलोनी करनाल और प्रद्युम निवासी शिव कॉलोनी करनाल को नई सभी मंडी रोड करनाल से गिरफ्तार किया। तीनों आरोपियों के कब्जे से चोरीशुदा छह लोहे की पाइप, दो हजार नकद राशि व वारदात में इस्तेमाल ई रिक्शा बरामद की गई। जांच में पाया गया कि आरोपियों ने शिकायतकर्ता रामकुमार निवासी खेड़ा कॉलोनी करनाल की फैक्टरी जोकि कंबोपुरा में स्तिथ है से बतीश लोहे की पाइप व अन्य सामान चोरी कर वारदात को अंजाम दिया था। जिस संबंध में थाना मधुबन में चोरी की धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की आगामी तफ्तीश में एएसआई सतीश सीआईए वन की अध्यक्षता में पूछताछ में पाया गया कि तीनों आरोपी नशा करने के अत्यधिक आदी है। आरोपियों ने नशापूर्ति के लिए ही इस चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी बबलू के खिलाफ पहले भी करीब तीन मुकदमे चोरी और लड़ाई झगड़े के दर्ज है।

- **आरोपियों से लोहा पाइप, नकदी और वारदात में इस्तेमाल ई रिक्शा बरामद**



करनाल। पुलिस टीम की गिरफ्त में आरोपी।

**खबर संक्षेप**



### नियमित रूप से योगाभ्यास करेंगे तो रहेंगे स्वस्थ

**करनाल।** पतंजलि योग समिति करनाल द्वारा संचालित दिव्य योग कक्षा सेवा समिति आश्रम अर्जुन गेट करनाल में योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर में योग शिक्षक शमशेर सिंह नैन ने साधकों को योग का अभ्यास करवाया और प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया। शमशेर सिंह नैन ने कहा कि योग से स्वास्थ्य में प्रभावकारी लाभ प्राप्त होता है। सभी नागरिकों को अपने जीवन में योग को आत्मसात करना चाहिए। हर व्यक्ति को सुबह सूर्य उदय होने के पहले या शाम को सूर्यास्त होने के बाद समय निकाल कर योग करना चाहिए।

### भगोड़े घोषित छह अपराधि गिरफ्तार

**करनाल।** जिला पुलिस द्वारा पी.ओ. बेल जंपर को पकडऩे का विशेष अभियान चलाया हुआ है। पुलिस की अलग-अलग टीमों ने दो महिला सहित छह उदघोषित अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। जिनको न्यायलय में पेश किया जाएगा। करनाल पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा अदालत के आदेशों की उलंघना करने वाले घोषित छह पी.ओ. अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें आरोपी जोनी उर्फ बलविंद्र निवासी अलावला को थाना असंध के मुकदमा नंबर 786 में अदालत द्वारा पी.ओ. घोषित करने पर गिरफ्तार किया।

### मारपीट करने वाले दो गिरफ्तार

**तरावड़ी।** थाना तरावड़ी की टीम द्वारा मुख्य सिपाही विनोद कुमार की अध्यक्षता में मारपीट करने वाले आरोपी संजीव पुत्र जगना और जगना पुत्र चेतुराम वासियान नडाना को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार कर आरोपियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही अम्ल में लाई जाएगी। इस संबंध में 8 दिसंबर में गीता देवी पत्नी सुभाष वासी नडाना ने शिकायत दी थी की संजीव और जागना वासी नडाना ने शिकायतकर्ता के घर में आकर उसके मारपीट की थी।

## बेटियों को शिक्षा व सुरक्षा देने की प्रधानमंत्री मोदी ने ली है गारंटी: रामकुमार

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में बताईं केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाएं

**भारत विकसित यात्रा के दौरान लोगों को मौके पर दिया जा रहा योजनाओं का लाभ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री





इंद्री। गांव मुरादगढ़ में ग्रामीणों को संबोधित करते विधायक रामकुमार कश्यप व इंद्री के गांव मुरादगढ़ में स्टालो का निरीक्षण करते विधायक रामकुमार कश्यप।

इंद्री के गांव मुरादगढ़ व मनोहरपुर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में लोगों को सम्बोधित करते हुए विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय और गरीब कल्याण के स्वप्न को साकार करने के लिए केन्द्र व प्रदेश की सरकार संकल्पबद्ध है। कार्यक्रम में विधायक रामकुमार कश्यप एवं ग्रामीणों ने देश को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ ली।

विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि भारत की आजादी के 75 वर्ष पूरे हो चुके हैं और जब हमारी आजादी के 100 वर्ष पूरे होंगे तब हर क्षेत्र में दुनिया में भारत सर्वप्रथम हो, ये संकल्प लेने के उद्देश्य से ही विकसित भारत संकल्प यात्रा देश प्रदेश की प्रत्येक पंचायत में पहुँच रही है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का संकल्प को हम सबने लिया है, यह संकल्प एक शब्द मात्र नहीं है, बल्कि देश के करोड़ों गरीबों को सबके बराबर लाने का एक पुनीत विचार है और इसमें हमें सबके संकल्प के बल को जोडना है। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसके तीन उद्देश्य देशवासियों के सामने रखे थे। पहला, आजादी की लड़ाई के दौरान जाने-अनजाने सभी शहीदों को याद करना और युवा पीढ़ी को आजादी के इतिहास के साथ जोडना। दूसरा उद्देश्य था पिछले 75 वर्षों में देश द्वारा हासिल की गई उपलब्धियों पर गौरव करना और उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढना। तीसरा उद्देश्य था, भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोकर रखना और उस पर गौरवान्वित महसूस करना। उन्होंने कहा कि आजादी के 75 सालों में एक विकसित भारत का संकल्प लेकर 75 से 100 साल तक के 25 सालों की यात्रा में सबके सामूहिक प्रयासों से भारत को विश्व में सर्वप्रथम बनाने का संकल्प लेना भी आजादी के अमृत महोत्सव का एक उद्देश्य था।

उन्होंने कार्यक्रम में सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की योजनाओं से संबंधित स्टालों का निरीक्षण किया और बताया कि इन स्टालों के माध्यम से आमजन को केन्द्र व प्रदेश की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने स्टालों पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कहा कि जो भी व्यक्ति उनके पास आता है उसे योजनाओं के बारे मार्गदर्शन करते हुए उन्हें योजनाओं का लाभ दिलवाने का कार्य करें। कार्यक्रम में सरकार की जनहितैषी एवं महत्वाकांक्षी आयुष्मान योजना के तहत लाभार्थी गांव मनोहरपुर की मीना, मनजीत व कविता तथा गांव मुरादगढ़ में शर्मिला, नरेशों व जोबना ने अपने विचार सांझा किए तथा इसी प्रकार उज्वला योजना के तहत गांव मुरादगढ़ की रेखा रानी तथा गांव मनोहरपुर की नेहा व खुशी को मुफ्त गैस कनेक्शन भी वितरित किए गए। इसके अलावा कार्यक्रम में गांव मुरादगढ़ में सुरेश कुमार, सतपाल, जयपाल व सोना देवी तथा गांव मनोहरपुर में कृष्ण कुमार, कंवर देवी व रामजी लाल की मौके पर ही बुढ़ापा पैंशन बनाई गई। गांव मुरादगढ़ की छात्रा अर्चना को पढ़ाई में अव्वल आने पर 11 हजार रुपये का नकद ईनाम देकर सम्मानित किया।

# नसीरपुर और डबरकीपार पहुंची विकसित भारत यात्रा

■ अभिभावकों बच्चों को परिश्रम, अच्छाई-बुराई को पहचानने के संस्कार दें-हरविंद्र कल्याण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा

विकसित भारत संकल्प यात्रा आज 13वें दिन गांव नसीरपुर और डबरकीपार पहुंची। नसीरपुर में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण ने जहां यात्रा के उद्देश्यों औरजन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी वहीं अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को कड़ी मेहनत करने तथा अच्छाई व बुराई को पहचानने के संस्कार दें। उन्होंने बताया कि गांव नलीपार में बनने वाली आई. टी. आई. में ऐसे नये कोर्स शुरू किये जाएंगे जिनके करने के बाद कोई युवा बेरोजगार नहीं रहेगा। उन्होंने मेदांता टीबी फ्री मिशन हरियाणा की मोबाइल यूनिट का भी अवलोकन किया जिसमें आज 25 लोगों के एक्सरे किये गये। इनमें से दस के फेफड़ों में संक्रमण पाया गया। इन सबका सी. बी. नॉट टेस्ट किया जायेगा। डबरकीपार गांव में जिला परिषद की चेयरपर्सन के प्रतिनिधि सोहन सिंह राणा ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया।विधायक का नसीरपुर पहुंचने पर सरपंच प्रतिनिधि प्रशांत व अन्य ग्रामीणों द्वारा पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया गया। विधायक ने इस मौके पर विभिन विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल्स का अवलोकन किया। इससे पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संदेश सुनाया गया। हरियाणा के विकास संबंधी लघु फिल्म दिखाई गई। मंडल अध्यक्ष एवं समाज सेवी जोगेंद्र राणा ने और डबरकीपार में सुभाष कश्यप ने 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई।हरविन्द्र कल्याण ने इस मौके पर कहा कि बढ़ती आबादी के मद्देनजर पूर्व सरकारों ने आम आदमी के विकास के लिये ठोस योजनाएं नहीं बनाई।

### ऐसे होगा विकास

35 गांवों की फिरनियों पर लगेंगी स्ट्रीट लाईट-डबरकीपार में मुख्य अतिथि सोहन सिंह राणा ने बताया कि प्रथम चरण में 45 गांवों की फिरनियों पर स्ट्रीट लाईट लगाई जायेंगी। इसके बाद अन्य गांवों में यह सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। उन्होंने बताया कि 125 गांवों में ई-लाइब्रेरी शुरू कर दी गई है। जिला के 80 गांवों में इंडोर जिम स्थापित करने का काम शुरू हो चुका है। महिलायें स्वयं सहायता समूह बनाकर ऋण और सबसिडी की सुविधा प्राप्त कर सकती हैं। आज हर घर में नल से पानी पहुंचाया जा रहा है। गांवों में क्रेच सेंटर खोले गये हैं। लोगों को आज बुढ़ापा पैंशन के लिये दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ते। इससे पहले सरपंच प्रतिनिधि सत्यपाल ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

# दुकान से चोरी करने वाले दो किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

बर्गलरी स्टॉफ ने दुकान से एसी की कॉपर की तार चोरी करने वाले दो आरोपियों गिरफ्तार किया है। करनाल पुलिस के बर्गलरी स्टॉफ इंचार्ज एसआई हिम्मत सिंह की अध्यक्षता में टीम ने जिला कोर्ट करनाल से आरोपी टीलू और शिवम उर्फ शिवा निवासी डेहा बस्ती चांद सराय मंगल कॉलोनी करनाल को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों की निशानदेही पर उनके कब्जे से चोरी की एसी की दो किलो सौ ग्राम कॉपर तार बरामद की गई। जांच में पाया गया कि दोनों आरोपियों ने शिकायतकर्ता अशोक कुमार वासी सेक्टर 13 करनाल ने शिकायत दी थी कि दिनाक 18 नवंबर को उसकी मुगल मार्केट करनाल में स्थित दुकान से एसी की तार को चोरी कर वारदात को अंजाम दिया था। जिस संबंध में थाना सिविल लाइन करनाल में नामालुम आरोपियों के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया था। पूछताछ में पाया गया की दोनों आरोपी आदतन अपराधी है जो जल्दी अमीर बनने के लालच में चोरी की वारदातों को अंजाम देते है। दोनों आरोपियों के खिलाफ पहले भी चोरी के करीब पांच मुकदमे दर्ज है जिनमें आरोपी जेल में भी रह चुके है। दोनों आरोपी अब भी चोरी के मामले में जेल में बंद थे।

# सीजेएम ने श्रद्धानंद अनाथ आश्रम का किया औचक निरीक्षण

■ बच्चों से बातचीत कर जानी समस्याएं और परेशानियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल



करनाल। श्रद्धानंद अनाथ आश्रम में पहुंची सीजेएम जसबीर कौर। फोटो :हरिभूमि

सीजेएम जसबीर कौर ने मंगलवार को श्रद्धानंद अनाथ आश्रम का दौरा किया। उन्होंने आश्रम में रह रहे सभी बच्चों से बातें की और उनको आ रही परेशानियों के बारे में पूछा। इस पर बच्चों ने बताया कि हमें यहां पर किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं आ रही है।

इसके बाद जसबीर ने श्रद्धानंद अनाथ आश्रम के रसोई घर में जाकर खाने की गुणवत्ता को जाकर परखा एवं आज के भोजन को लेकर बच्चों से बात की एवं खाद्य सामग्री अर्थात मिनी चार्ट का विवरण जाना कि उन्हें प्रतिदिन सुबह,दोपहर ,रात में भोजन के दौरान क्या क्या खिलाया जाता है। इसके बाद प्रत्येक बच्चे के कक्ष में जाकर उनको प्रदान की जाने वाली सुविधाएं जैसे उचित लाइट प्रबंध एवं साफ सफाई का जायजा लिया और सुश्री जसबीर ने बच्चों से उनकी दिनचर्या के बारे में जाना बच्चों को दी जाने वाली एवं स्टोर रूम का भी निरीक्षण किया। इसके बाद श्रद्धानंद अनाथ आश्रम ट्रस्ट के शर्मा ने बताया कि अभी यहां पर 80 बच्चे रह रहे हैं जिसमें से लडक़ों की संख्या 38 और लड़कियों की संख्या 42 है। यह भी बताया कि वर्ष 2022 में यहां पर रसोई का आदि आधुनिकरण किया गया है और बच्चों के लिए खाना बनाने के लिए आधुनिक मशीनें लगाई गई है। सभी बच्चों के लिए समय पर स्कूल या कॉलेज जाने की व्यवस्था कराई गई और समय-समय पर बच्चों के लिए रंगोली भाषण प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जाता है तथा हर तीसरे महीने में एक मेडिकल चेकअप भी कराया जाता है ताकि बच्चों के स्वास्थ्य के बारे में जा ना जा सके।

### पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी को किया नमन

**करनाल।** कांग्रेस सेवादल ने पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। सेवादल के प्रदेश महासचिव जोगिंद्र चौहान, जिला प्रधान अनिल शर्मा व ग्रामीण जिला प्रधान मदन राणा ने कहा कि प्रणव मुखर्जी के राजनीतिक कौशल और बौद्धिकता ने हमारे देश को दिशा देने में अहम भूमिका निभाई है। उनकी अंतर्दृष्टि और नेतृत्व अमूल्य था। उनका ज्ञान प्रगति की दिशा में हमेशा एक मार्गदर्शक के तौर पर होगा। प्रणव मुखर्जी को 2012 में भारत के 13वें राष्ट्रपति के रूप में नियुक्त किया गया था। वह 2017 तक भारत के राष्ट्रपति रहे। इस अवसर पर उपप्रधान बलजीत चौहान, ईशम सिंह चौहान, जिला कोर्डिनेटर जय नारायण, इंद्री ब्लाक अध्यक्ष राजेंद्र राणा, महासचिव शुभम आदि रहे।

# जेजेपी ने बदली रैली की तारीख

■ 24 दिसंबर की बजाए 7 जनवरी को जेजेपी करेगी करनाल लोकसभा की रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल



करनाल। लोकसभा क्षेत्र की रैली को लेकर आयोजित बैठक में उपस्थित जजपा कार्यकर्ता।

जननायक जनता पार्टी ने 24 दिसंबर को होने वाली करनाल लोकसभा क्षेत्र की रैली की तारीख बदल दी है। अब जेजेपी की नवसंकल्प रैली 7 जनवरी को घरौंडा की अनाज मंडी में होगी। रैली के संबंध में जेजेपी ने मंगलवार को करनाल में एक महत्वपूर्ण बैठक की। जेजेपी प्रदेश कार्यालय सचिव रणधीर सिंह की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में करनाल लोकसभा से जेजेपी के तमाम वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने रैली को लेकर विस्तार-पूर्वक चर्चा की। बैठक के बाद जेजेपी प्रदेश कार्यालय सचिव रणधीर सिंह ने बताया कि सभी पार्टी पदाधिकारियों की सहमति और डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला से विचार-विर्मश करने उपरांत जननायक जनता पार्टी की करनाल लोकसभा की रैली का स्थान अनाज मंडी घरौंडा तय किया गया और रैली की तारीख 7 जनवरी 2024 व दिन रविवार तय किया गया। जेजेपी प्रदेश कार्यालय सचिव रणधीर सिंह ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ रैली स्थल का दौरा भी किया। इस अवसर पर जेजेपी के राष्ट्रीय महासचिव बृज शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बहन फूलवती, देवेंद्र कादियान, गुरदेव सिंह रंभा, सुरेंद्र धोला, दयानंद उरलाना, पूर्व विधायक रमेश खटक, नफे सिंह मान, मुकेश सेठी, बलजीत टूरन, यशकरन राणा आदि रहे।



### भक्तिपूर्वक पराशक्तियों की कृपा से अकल्पनीय सफलता पाना संभव: महासाध्वी प्रमिला

*करनाल। महाप्रभावी श्री घंटाकर्ण देवस्थान पर विशेष कृपा दिवस कृष्ण चौदस के उपलक्ष्य में मासिक श्रद्धालु संगम का आयोजन श्रद्धा-भक्ति, आस्था तथा समर्पण के मंगलमय वातावरण में संपूर्ण हुआ। सूर्योदय से भक्तों का कतारबद्ध आगमन शुरू हुआ जो देर सांझ तक अनवरत रूप से चलता रहा। सर्वप्रथम श्री घंटाकर्ण बीजमंत्र के सामूहिक जाप से दैवी शक्ति का आह्वान करते हुए लोकमंगल की कामना की गई। साध्वी जागृति, जयपाल सिंह, पुष्पा गोयल, पवन जैन, कर्मवीर सिंह आदि ने सुमधुर भजनों से समां बांधा और श्री घंटाकर्ण देव का आह्वान करते हुए उनकी मंगलमयी कृपा की याचना की। लक्खां तर गए लक्खां ने तर जाना जिन्हां ने तेरा नाम जपिया, जिसकी उंगली पर चलता सारा संसार है, वो कोई और नहीं मेरा घंटाकर्ण दातार है, जब-जब तेरा भक्त कहीं कोई रोता है, आंख के आंसू से चरण को धोता है आदि भजनों ने सभी की हृदय तंत्रियों को झंकार दिया। श्री घंटाकर्ण जी महाप्रभावी, भक्तवत्सल देवता हैं जिनकी कृपा व्यक्ति को निहाल तथा मालामाल कर देती है। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के वित्त नियंत्रक डा. नवीन जैन तथा परिवार ने आरती की।*

# बच्चों को शिक्षा के लिए किया प्रेरित

■ बिना शिक्षा के इंसान की जिंदगी में अंधेरा ही अंधेरा: दर्शन लाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री




इंद्री। नन्हेड़ा स्कूल में पहुंच कर राशि बच्चों को भेंट करते दर्शन लाल कांबोज ।

नन्हेड़ा स्कूल में पढ़ रही पलक,जानवी, मिश्री व खुशबु के पिता की मृत्यु उपरांत उनके परिवारों की मदद के लिए खेड़ा निवासी सेवानिवृत्त पोस्ट मास्टर दर्शन लाल कांबोज ने सुबह की सभा में पहुंच कर 22 हजार रुपये की राशि बच्चों को भेंट की । दर्शन लाल कांबोज ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बिना शिक्षा के इंसान की जिंदगी में अंधेरा ही अंधेरा है। उन्होंने कहा कि अशिक्षित मनुष्य के तरक्की के रास्ते सीमित हो जाते हैं। उन्होंने सभा में उपस्थित सभी बच्चों को मन लगा कर पढऩे के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि गलियों में इधर-उधर बिना कारण घूमना भी ध्यान को भंग करता है जिससे एकाग्रता समाप्त हो जाती है। उन्होंने कहा कि वे उन सब बच्चों की मदद करते रहेंगे जो पढऩे में होशियार हों और गरीबी की वजह से उनकी पढ़ाई बाधित हो जाती है ।सेवानिवृत्त अध्यापक धर्मराज गांधी ने बच्चों की आर्थिक मदद करने लिए दर्शन लाल कांबोज का आभार व्यक्त करते हुए कहा दर्शन लाल कांबोज बहुत ही मेहनती और समाज सेवी इंसान हैं। इस अवसर पर स्कूल प्रभारी महिंद्र कुमार, उधम सिंह ,सुनील सिवाच तथा अमित कांबोज ने भी सहयोगियों का धन्यवाद किया।



### अतिक्रमण को बढ़ावा दे रहे 19 दुकानदार व फड़ी वालों के काटे चालान, 8500 रुपये किया जुर्माना

**करनाल।** शहर विशेषकर बाजारों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए चलाए गए अभियान के तहत नगर निगम ने सख्ताई शुरू कर दी है। इसी कड़ी में मंगलवार को प्रवर्तन दल द्वारा जोन- 2 व 4 के कर्ण गेट, रेलवे रोड, पुराना बस स्टैण्ड रोड, महाराजा अग्रसेन चौक से आई.टी.आई. चौक इत्यादि क्षेत्र का दौरा किया गया। इस दौरान अतिक्रमण को बढ़ावा दे रहे 19 दुकानदार व फड़ी वालों के चालान किए गए और उन पर 8 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने दी। उन्होंने बताया कि कार्रवाई के दौरान जिन दुकानदार व फड़ी वालों ने सडक़ पर आगे तक सामान रखा हुआ था, उनके सामान को जब्त कर कब्जे में लिया गया है। दौरे में दुकानों के आगे साफ-सफाई रखी जा रही है या नहीं, इसका भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान सडक़ पर फल-सब्जी इत्यादि की कुछ रेहडिय़ां लगी मिली, जिन्हें चेतावनी देकर मुगल कैनाल स्थित अस्थाई मंडी में भेजा गया। उन्होंने बताया कि निगम के प्रवर्तन दल द्वारा बाजारों का कई बार दौरा किया गया।

**दिए निर्देश** — अनाधिकृत कॉलोनीयों को अप्रूव्ड करने के उद्देश्य को लेकर डीएमसी ने नपा का किया निरीक्षण

# जिला अधिकारी ने नगर पालिका अफसरों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा





घरौंडा। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अधिकारियों व वार्ड वासियों से बातचीत करते डीएमसी अभिषेक मीणा। फोटो : हरिभूमि

प्रदेश सरकार द्वारा शहर में पास किए गए विकास कार्यों का निरीक्षण करने व अनाधिकृत कॉलोनीयों को अप्रूव्ड करने के उद्देश्य को लेकर डीएमसी करनाल ने नगर पालिका का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला अधिकारी ने नगर पालिका अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यों का जायजा लेते हुए कुछ कालोनीयों का भी निरीक्षण किया।

डीएमसी अभिषेक मीणा ने बताया कि नगर पालिका द्वारा प्रदेश सरकार को कुछ कालोनियां अप्रूवल के लिए भेजी गई थी जिन का निरीक्षण किया गया और जो पेंडिंग कार्य है उनके बारे में भी नगर पालिका अधिकारियों को शीघ्रता से कार्य पूरा करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने बताया कि नगर पालिका द्वारा चार कॉलोनी को अप्रूवल करने के लिए भेजा गया है जिसका आज दोबारा से निरीक्षण किया गया। नगर पालिका प्रशासन द्वारा शहर के वार्डों के विकास कार्यों में किया जा रहे भेदभावपूर्ण कार्य के बारे में उन्होंने कहा कि इस बारे में नगर पालिका के कुछ पार्षदो ने उनके सामने इस प्रकार की शिकायत की है जिसके बारे में नगर पालिका प्रशासन को आदेश दिए गए कि वह शहर के सभी वार्डों मे जो कार्य होने वाले हैं उनको समान रूप से किया जाए। बता दें कि डीएमसी के समक्ष वार्ड नंबर 17 के पार्षद संजीव ने शिकायत रखी उनका वार्ड एक पिछड़ा वर्ग मे आता है। और सबसे ज्यादा पब्लिक उसे वार्ड में रह रही है लेकिन नगर पालिका अधिकारियों द्वारा भेदभाव तरीके से उनके वार्डो मे होने वाले विकास कार्यों को एजेंडे से काट दिया गया है। साथी शहर के वार्ड नंबर 1 में कॉलोनी के निरीक्षण के दौरान कॉलोनी वासी कर्मवीर गुप्ता व अन्य कॉलोनी वासियों ने भी नगर पालिका पर भेदभाव पूर्ण तरीके से विकास कार्य करवाने का आरोप लगाए । जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीवरेज डालते समय नगर पालिका की उखाड़ी गई सड़कों को दोबारा ऐसा ना बनाए जाने पर डीएमसी ने नगर पालिका अधिकारियों को आदेश दिए कि वह जन स्वास्थ्य विभाग से ये सड़के व बनाए गए सिवरेज दोबारा ठीक करवाए।

**खबर संक्षेप**

### भाजपा ने आरक्षण का लाभ छीनने का काम किया

**पानीपत।** बीजेपी-जेजेपी ने किसानों से एमएसपी व मुआवजा, युवाओं से रोजगार, गरीबों से सौ-सौ गज के प्लॉट जैसी कल्याणकारी योजनाएं, दलित और पिछड़ों से आरक्षण का लाभ छीनने का काम किया है। इसलिए किसान, मजदूर, कर्मचारी, व्यापारी, दलित, पिछड़े व महिलाओं समेत तमाम तबके मिलकर बीजेपी से सत्ता छीनने का काम करेंगे। यह बात स्व.राजेश पायलट किसान संगठन हरियाणा के जिलाध्यक्ष एवं कांग्रेस ओबीसी कमेटी के जिला महासचिव मोनू रावल ने एक ब्यान में कही।

### माता के मंदिर में भंड़ारा लगाया

**पानीपत।** पानीपत के गांव मानना में कंडी माता का भंडारा किया गया। वर्ष 1952 में जिंदल परिवार के पूर्वजों ने कंडी माता की स्थापना की थी अब ग्रामीणों की मदद से बड़े मंदिर का निर्माण किया गया तथा भंडारे की परंपरा सालों से चलती आ रही है। 12 दिसंबर को जिंदल परिवार और ग्रामीणों के द्वारा भंडारे का आयोजन किया जाता है।

## मुख्यमंत्री द्वारा घोषित विकास कार्य पूरे किए जाएंगे

# पानीपत के विकास के लिए 34.42 करोड़ रुपये मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पानीपत के शहरी क्षेत्र के लंबित चल रहे बड़े विकास कार्यों के लिए 32.42 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। इनमें पार्कों के जीर्णोद्धार से लेकर बतरा कॉलोनी के खस्ताहालात सड़क के मरम्मत के काम, पीपल वाली मंडी में मूलभूत सुविधाएं और सुंदरीकरण, अनेजा पंप से लेकर ईजी डे पर रोड को चौड़ा करने का काम भी शामिल है। खास बात यह है कि नगर निगम की फाइनेंस कमेटी ने करीब दो माह पहले इन कामों को जरूरत न होने की कहकर रोक दिया था। पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने इन कामों को जनहित में बताते हुए सीएम के सामने रखा। इसमें विशेष तौर पर मॉडल टाउन की सड़क है।

**रोड को दो भागों में बांटने वाला डिवाइडर होगा**

*इस रोड की विशेष बात ये होगी कि इससे और चौड़ा किया जाएगा। रोड को दो भागों में बांटने वाला डिवाइडर होगा और यहां स्ट्रीट लाइटें भी लगेंगी। ताकि मॉडल टाउन में लगाने वाले जाम से लोगों को राहत मिल सके। इससे मॉडल टाउन समेत आठ मरला, सावन पार्क समेत आसपास से आवागमन करने वाले करीब 15 हजार लोगों को फायदा होगा। ये काम विधायक आदर्श अवाम ग्राम योजना के तहत पूरा किया जाएगा। वहीं, निगम क्षेत्र के अंतर्गत शहरी और ग्रामीण विस में आने वाले पार्कों के जीर्णोद्धार पर 25 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस राशि से पार्कों में मूलभूत सुविधाओं से लेकर सुंदरीकरण तक के काम शामिल रहेंगे। फिलहाल निगम क्षेत्र में करीब 143 पार्क हैं। मौजूदा स्थिति में करीब 40 प्रतिशत पार्क खस्ताहाल हो चुके हैं। इस राशि से पार्षदों, स्थानीय आरडब्ल्यूए आदि की डिमांड अनुसार काम करवाए जाएंगे।*

इधर, पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज सीएम की मंजूरी मिलने के बाद इन कामों को पूरा कराने के लिए निगम अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि शहर को सुंदर बनाने के लिए कई विकास कार्य लंबे समय से लटके हुए थे। इस संबंध में कई लोग मुख्यमंत्री मनोहरलाल से मिले थे। मुख्यमंत्री ने इन कामों की मंजूरी दे दी है। वहीं, सालों से निकासी की समस्या की मार झेलने वाले वार्ड 22 की बतरा कॉलोनी के लोगों को अब राहत मिलेगी। यहां 2.25 करोड़ से बरसाती पानी की निकासी, सीवर और पीने के पानी की पाइपलाइन बिछाई जाएगी। इस कॉलोनी के घरों में नालों का गंदा पानी तक भर जाता था। जिसकी वजह से कई परिवार कॉलोनी से पलायन करने तक को मजबूर थे। इससे कॉलोनी के करीब 08 हजार लोगों को फायदा होगा। दूसरी ओर, शहरी विधानसभा में बार बार शॉर्ट टर्म टेंडर और कम लागत से लगने वाले रिपेयरिंग के कामों के बाद भी निगम शहर की सड़कों, पुलिया, नालों आदि की मरम्मत नहीं करवा पा रहा था। इस वजह से शहर के लोग सबसे ज्यादा परेशान थे। शहर की ज्यादातर सड़कों पर रिपेयरिंग न होने की वजह से वे खस्ताहाल हो चुकी थी। अब 1.50 करोड़ से शहरी विस में सिर्फ रिपेयरिंग के काम होंगे। इससे शहरी विस के करीब छह लाख लोगों को राहत मिलेगी।



**पानीपत।** एमएलए प्रमोद विज, डीसी वीरेंद्र दहिया आदि वैन को रवाना करते हुए।

# ट्रैफिक नियमों का ईमानदारी से पालन करें : प्रमोद विज

- सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा प्रचार वैन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने मंगलवार को जिला परिवहन अधिकारी कम-सचिव प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण पानीपत की ओर से तैयार की गई सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा प्रचार वैन को हरी झण्डी दिखाई। इस मौके पर उपायुक्त वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि यह वैन हर ब्लॉक में जाएगी और सड़क सुरक्षा नियमों का प्रचार करेगी व जानकारी देगी ताकि लोग नियमों के प्रति जागरूक हों। उन्होंने कहा कि सर्दियों के मौसम को देखते हुए ट्रेक्टर-ट्रालियों पर रिफलैक्टिव टैप लगाई जा रही है, जिससे कोहरे में सड़क दुर्घटनाएं न हो। ट्रैफिक नियमों का ईमानदारी से पालन करें।इस मौके पर करनाल लोकसभा सांसद संजय भाटिया के सपुत्र चांद भाटिया, नगर निगम कमिश्नर राहुल नरवाल, एस पी अजीत सिंह शेखावत, सचिव आरटीए नीरज गोयल, सहायक सचिव आरटीए शम्मी शर्मा भी मौजूद रहे।

### सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत किया

**पानीपत।** जम्मू व कश्मीर से धारा 370 पर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आ गया है। जिसमें सरकार और राष्ट्रपति के कदमों को एकदम सही ठहराया गया है। केसरिया हिन्दुस्थान निर्माण संघ हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष सुरेश नारंग ने न्यायालय के इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने 370 और 35 को निरस्त ऐसे ही नहीं किया। उसके लिए बहुत अच्छा होमवर्क किया गया था। हर कानूनी पहलु पर महीनों तक काम किया गया। यहीं कारण है कि अब सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के कदमों को एकदम सही ठहराया है।

### चोरी की चांदी खरीदने वाला पकड़ा

**पानीपत।** थाना सेक्टर-13/17 पुलिस ने सेक्टर 18 में मकान से चोरी किए चांदी के सिक्के, गिलास व कड़े खरीदने वाले आरोपी सचिन निवासी शामली यूपी को गिरफ्तार किया है। थाना सेक्टर-13/17 प्रभारी इंस्पेक्टर विलासा राम ने बताया कि चोरी की वारदात बारे थाना सेक्टर 13/17 में उदित चौहान पुत्र जेआर चौहान की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है।



**पानीपत।** कांग्रेस प्रदेश प्रभारी दीपक बावरिया से वार्ता करते हुए कांग्रेसी नेता सचिन कुंडू आदि। फोटो :हरिभूमि

### प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी : कुंडू

पानीपत। कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करने बारे, संगठन में 90 के करीब कॉलोनी को जो पानीपत ग्रामीण विधानसभा में आती है के कांग्रेस पार्टी व संगठन में बराबर की हिस्सेदारी मिले, नगर निगम चुनाव की तैयारी की बाबत विचार विमर्श करने के लिए हरियाणा कांग्रेस के पूर्व युवा प्रदेशाध्यक्ष कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन कुंडू आज कांग्रेस पार्टी के हरियाणा के प्रभारी दीपक बावरिया से मुलाकात करने पानीपत रेस्ट हाउस में पहुंचे। काफी देर तक उनसे विचार-विमर्श किया गया। वहीं यहां पहुंचने दीपक बावरिया का कांग्रेस नेताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व पार्षद पति राम रतन अग्रवाल, पूर्व पार्षद जयकुमार बिंदल, पूर्व पार्षद मदन मजोका, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर सुभाष बठला भी मौजूद रहे।

# मोदी की गारंटी पर जनता का भरोसा : छोक्कर

- केंद्र व प्रदेश में मौजूदा सरकार विकास के निरंतर कार्य कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** गांव बापौली में भाजपा नेता संजय छोक्कर का स्वागत करते हुए ग्रामीण।

भाजपा राज्य कार्यकारिणी के सदस्य संजय छोक्कर ने गांव बापौली में विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम में शिरकत कर स्टालों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार आपके द्वार आकर विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी व पात्र व्यक्तियों को लाभ उपलब्ध करवा रही है। यात्रा का मुख्य उद्देश्य है कि जो भी व्यक्ति इन योजनाओं से सम्बन्ध रखता है, उन्हें योजना का लाभ यदि किसी कारणवश नहीं मिला है, तो उनका मौके पर ही फार्म भरवाकर उन्हें योजना का लाभ दिलवाना सुनिश्चित करवाना है। वहीं, छोक्कर ने कहा कि यह विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रत्येक गांव में जाकर केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी उपलब्ध करवाएगी। केंद्र व प्रदेश में मौजूदा सरकार विकास के निरंतर कार्य कर रही है। लोग मोदी की गारंटी पर भरोसा कर रहे हैं। ऋषिपाल रावल ने गांव अतौलापुर ने आयोजित कार्यक्रम कहा कि गरीब लोगों का आयुष्मान कार्ड के माध्यम से पांच लाख रुपये तक का इलाज निशुल्क किया जा रहा है और उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिए जा रहे हैं। इस अवसर पर बापौली मंडल अध्यक्ष शिवकुमार रावल, पीतांबर रावल, रामभतेरी रावल, बीडीपीओ शक्ति सिंह, डीएफएससी आदित्य , उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के एसडीओ परमिंद्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# मोदी के नेतृत्व में तेजी से आगे बढ़ रहा भारत : राणा



पानीपत। विकसित भारत यात्रा में निरीक्षण करते हुए भाजपा प्रवक्ता ईश कुमार राणा व अन्य।

**पानीपत।** मोदी का सपना है कि विश्व भर में भारत की शान बढ़े। वहीं मोदी के नेतृत्व में भारत माता का सिर दुनिया भर में ऊंचा हो रहा है। पूरी दुनिया उनके नेतृत्व में भारत के साथ चलने को आतुर है। ये शब्द भाजपा जिला मीडिया प्रमुख ईश कुमार राणा ने आज इसराना विधानसभा क्षेत्र के गांव कारद में विकसित भारत यात्रा में मुख्य वक्ता के तौर पर बोलते हुए कहे। उन्होंने कहा की भारत को विकसित राष्ट्र केवल राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत पर चल कर ही संभव है। भारत तभी विकसित देश बनेगा जब हम सब अपने कर्तव्यों का पूरी ईमानदारी, निष्ठा लग्न तथा मेहनत करेंगे। मोदी की महती गारंटी है देश को 2047 तक विकसित देश बनाना। जब मोदी देश की अर्थ व्यवस्था को 11 वी अर्थव्यव्था से पांचवी सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था बना सकते है तो निसंदेह देश को विकसित राष्ट्र बना सकते है। ये मोदी की भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की गारंटी है। गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने ईश कुमार राणा का फूल मालाओं व पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वगत किया तथा चादर ओढ़ा कर तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया।

# हिंदी पत्रिका की संस्थापक रमा का अभिनंदन किया

- `हरादून की अंशु जैन को भी पत्रिका की सदस्या बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जापान की राजधानी टोक्यो से निकलने वाली हिन्दी की गूंज की प्रथम एकमात्र पत्रिका की संस्थापक एवं संरक्षक रमा शर्मा का पानीपत पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। मातृभाषा हिंदी का प्रचार करने के लिए इन्नर व्हील क्लब पानीपत मिड टाऊन की चार्टर प्रेसिडेंट और नारी कल्याण समिति की प्रधान कंचन सागर को पानीपत इकाई का प्रभारी बनाया है। कंचन सागर ने अपने साथ सरोज आहूजा, ज्योत्सना गर्ग और नीलम मेहता को हिन्दी की गूंज परिवार में सम्मिलित किया। देहरादून की अंशु जैन को भी पत्रिका की सदस्या बनाया है। वहीं आज पानीपत पहुंची रमा शर्मा ने कंचन सागर को गुणों का सागर कहा और उनके प्रयासों के लिए बधाई भी दी। वहीं सरोज आहुजा और ज्योत्सना गर्ग को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।



**पानीपत।** जापान से आई हिंदीविद् रमा शर्मा का स्वागत करते हुए कंचन सागर व अन्य। फोटो :हरिभूमि

# बाजारों में अतिक्रमणकारियों पर सख्त कार्रवाई होगी

- पीली पट्टी से बाहर सामान रखने वाले और वाहन खड़े करने वालों के चालान भी किए जाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** सड़क सुरक्षा कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए डीसी वीरेंद्र दहिया। फोटो :हरिभूमि

उपायुक्त वीरेंद्र दहिया ने मंगलवार को सड़क सुरक्षा कमेटी से सम्बंधित बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य बिन्दुओं पर चर्चा की।

बैठक में डीटीओ नीरज गोयल ने बैठक का एजैण्डा प्रस्तुत किया गया। डीसी दहिया ने कहा कि शहर के मुख्य बाजारों से अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाई जाए और पीली पट्टी लगाकर इसका स्थाई समाधान भी किया जाए ताकि लोग दोबारा अतिक्रमण न कर सके। पीली पट्टी से बाहर सामान रखने वाले और वाहन खड़े करने वालों के चालान भी किए जाएं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर किए जा रहे कामों में तीव्रता दिखाएं क्योंकि वहां लोगों को बहुत बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बैठक में एसपी अजीत सिंह शेखावत, एसडीएम पानीपत मनदीप सिंह, समालखा एसडीएम अमित कुमार, नगराधीश राजेश सोनी, सीएमओ डॉ. जयंत आहूजा, सहायक सचिव आरटीए शम्मी शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### गीता की शिक्षाओं को अपनाओ

**इसराना।** इसराना के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इसराना में खंड स्तरीय गीता जयंती महोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी सुनीता कादियान ने सम्बोधित करते हुए कहा कि गीता का उपदेश भक्त और भगवान के बीच दो घड़ी का संवाद है। जिसमें भगवान श्रीकृष्ण ने अपने भक्त अर्जुन को गीता का ज्ञान दिया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य रोहताश सिंह, रविंद्र शर्मा, संजय कुमार, जोगिंद्र, कुसुम, सोना देवी, डॉ. सुरेश सैनी आदि मौजूद रहे।

### कराटे चैंपियनशिपकृत ने मेडल जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल के चौथी कक्षा के छात्र कृत ने महाराजा अग्रसेन सनातन धर्म पब्लिक स्कूल में आयोजित इंटर स्कूल कराटे काता चैंपियनशिप में भाग लिया। जिसमें तीसरा स्थान प्राप्त करके कांस्य पदक हासिल किया। प्रबंधन समिति ने उसे और उसके परिवार को बधाइयां व उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

# ताइक्वांडो चैंपियनशिप में एसडी कॉलेज ने 14 मेडल जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** एसडी कॉलेज के विजेता खिलाड़ी प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा के साथ प्रसन्न मुद्रा में।

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत के पुरुष और महिला ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविधालय कुरुक्षेत्र की 9 से 11 दिसम्बर तक आयोजित इंटर कॉलेज ताइक्वांडो चैंपियनशिप में एक गोल्ड, 3 सिल्वर और 10 ब्रोंज मेडल समेत कुल 14 मेडल जीते। यही नहीं, कॉलेज के खिलाड़ियों ने पुरुष ताइक्वांडो, पूमसे (मिश्रित वर्ग) और पूमसे (पुरुष वर्ग) में ओवरआल रनरअप चैंपियन बनकर अपनी प्रतिभा का लोहा भी मनवाया। कृष ने 63 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। प्रशांत कुमार ने ताइक्वांडो के 58 किलोग्राम भारवर्ग में, प्रशांत ने 87 किलोग्राम भारवर्ग, मनीष ने 54 किलोग्राम भारवर्ग में, हूर ने 57 किलोग्राम भारवर्ग में, हेमा ने 60 ने 87 किलोग्राम भारवर्ग में, अमित ने 68 किलोग्राम भारवर्ग में और किरण ने 67 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य पदक हासिल किए। पूमसे (मिश्रित वर्ग) में मनीष और भारती की जोड़ी ने सफलता के साथ सिल्वर मेडल जीता। पूमसे की पुरुष टीम मनीष, कृष और अमित ने भी शानदार खेल दिखाते हुए कांस्य पदक पर कब्जा किया। खिलाड़ियों ने एक स्वर्ण, तीन रजत और दस कांस्य पदक के बूते पर न सिर्फ कुल 14 पदक झटके बल्कि ताइक्वांडो की तीन विधाओं में रनरअप ट्राफी पर कब्जा कर अपने हुनर का लोहा मनवाया। कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर कृष, प्रशांत कुमार, नीरज, मनीष, प्रशांत, हूर, हेमा, अमित, किरण और भारती का भव्य स्वागत एसडी पीजी कॉलेज प्रधान दिनेश, प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा, शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. सुशीला, प्रो रजनी रानी, कोच अंकुश, ग्राउंड्समैन प्रताप और स्टाफ सदस्यों ने किया।



समालखा रेलवे रोड से अतिक्रमण हटवाते हुए एसडीएम व एएसपी।

### समालखा में रेलवे रोड से अतिक्रमण हटाया

**समालखा।** नगर पालिका टीम और एसडीएम कार्यालय टीम व पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में मंगलवार को संयुक्त रूप से शहर के व्यस्त रेलवे रोड सहित आस पास की मार्किट में दुकानदारों के द्वारा किए गए अतिक्रमण को लेकर कार्यवाही की गई। इस दौरान अधिकारियों ने दुकानदारों को अतिक्रमण न करने की सख्त हिदायत भी दी। कुछ दुकानदारों का सामान भी जब्त किया गया। कुछ दुकानदारों के चालान कर जुमार्ना भी किया गया। इस दौरान स्थानीय दुकानदारों ने नगरपालिका की कार्यवाही का विरोध भी किया। वहीं इस दौरान कर्मचारियों पर लाठी डंडों व हाथापाई तक पर उतारू हो गए एक दुकानदार ने सरकारी काम में बाधा भी डाली गई। जिस पर उच्च अधिकारियों ने संज्ञान लेते हुए दुकानदार के खिलाफ पुलिस में शिकायत भी दी है। इस मौके पर समालख एसडीएम अमित कुमार,एएसपी मयंक मिश्रा, चौकी इंचार्ज वीरेंद्र, नगर पालिका से सैक्ट्री मुकेश, विकास नरवाल, नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।

# दलित महिलाएं स्वरोजगार का आत्मनिर्भर बनें : डा. राजबीर

**पानीपत।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केन्द्र ऊझा के प्रांगण में पांच दिवसीय कटिंग एंड टेलरिंग विषय पर व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पानीपत जिले की अनुसूचित जाति की महिलाओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले की अनुसूचित जाति की महिलाओं को सिलाई-कढ़ाई की ट्रेनिंग देकर उन्हे आर्थिक रन्प से आत्मनिर्भर व सशक्त बनाना था। केन्द्र द्वारा हर वर्ष कटिंग एंड टेलरिंग, नर्सरी उत्पादन, बेकरी उत्पाद, स्प्रे तकनीक, डेयरी फार्मिंग , खुम्ब उत्पादन इत्यादि विषय पर अनुसूचित जाति के प्रतिभागियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। जिनके महिला सशक्तिकरण में अच्छे परिणाम देखने को मिले है। इस अवसर पर केन्द्र के वरिष्ठ संयोजक डा. राजबीर गर्ग ने महिलाओं को सिलाई व कढाई व्यवसाय से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने महिलाओं को बताया की सिलाई व कढाई का व्यवसाय एक सदाबहार व्यवसाय है जिसकी समय के साथ डिमांड बढ़ती जा रही है। इस अवसर पर डा. सीमा दहिया, डा. राजेश व डा. कुलदीप डुडी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

**कार्यक्रम** भारत के विकास में अपने योगदान को बढ़ाएं युवा वर्ग

# प्रधानमंत्री की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का हुआ लाइव प्रसारण

- आज के दौर में शिक्षा और शिक्षकों का योगदान बहुत ही जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आर्य कॉलेज के कॉन्फ्रेंस हाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का लाइव प्रसारण किया गया। इसका विषय रहा' 'विकसित भारत-2047: वॉइस ऑफ यूथ। कार्यक्रम से पहले कॉन्फ्रेंस हाल में उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए प्राचार्य डा. जगदीश गुप्ता ने कहा कि आज के दौर में शिक्षा और शिक्षकों का योगदान बहुत ही जरूरी है। देश को विकास के पथ पर ले जाने के लिए हम सबका एक साथ चलना जरूरी है। वहीं, डॉ. गुप्ता ने यह भी कहा कि हमें विद्यार्थियों को केवल उनके पाठ्यक्रम तक ही सीमित नहीं रखना चाहिए बल्कि हमें सामाजिक व व्यवहारिक ज्ञान भी देना चाहिए। साथ ही प्राध्यापकों को विद्यार्थियों के साथ उनके भविष्य को लेकर भी चर्चा अवश्य करनी चाहिए जिससे वो एक सशक्त और सक्रिय नागरिक के रूप में तैयार हो सकें। अपने संबोधन में उन्होंने यह भी बताया कि युवाओं को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी क्योंकि हमारे युवा ही हमारे देश भारत आगे ले कर जाएंगें। डॉ.गुप्ता ने इस कार्यक्रम को लेकर सभी को बताया कि यह कार्यक्रम भारत को 2047 तक विकसित देश बनाने को लेकर युवाओं से उनके सुझाव देने होंगे ताकि युवाओं के अच्छे सुझावों को अपना कर देश को तरक्की की राह पर ले जाया जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि अच्छे सुझाव देने वाले युवाओं को भारत सरकार द्वारा पुरस्कार दे कर सम्मानित भी किया जाएगा। लाइव कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें इस दिशा में सकारात्मक कदम बढ़ाने के लिए युवा के मनोबल को प्रोत्साहित करना होगा। हमारा उद्देश्य होना चाहिए कि हम अपने छात्रों को विचारों में विश्वास दिलाएं, जो उन्हें भारतीय समाज को और भी सशक्त और समृद्ध बनाने में मदद करें। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत-2047 के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने छात्रों को भारत के विकास और समृद्धि के लिए सकारात्मक दिशा में सहयोग करने की अपील की। इस लाइव कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री ने विशेष रूप से युवाओं को भारत के विकास में उनकी महत्ता और भूमिका को समझाया। उन्होंने छात्रों को समय का महत्व बताया और उन्हें उच्चतम शिक्षा और तकनीकी ज्ञान में रुचि बढ़ाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर नरेंद्र मोदी ने युवाओं से भारत -2047 के सपने को साकार करने के लिए साझेदारी का आह्वान किया और उनसे भविष्य में भारत के निर्माण में भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने बताया की इस लाइव प्रसारण के कार्यक्रम में कॉलेज के 300 छात्र-छात्राओं के साथ साथ लगभग 70 प्राध्यापक व प्राध्यापिकाओं ने भी भाग लिया।



**पानीपत।** आर्य कॉलेज में प्रधानमंत्री का संबोधन सुनते हुए शिक्षाविदगण। फोटो :हरिभूमि

# जेल प्रबंधन पर असल के बजाए दूसरे बंदी को जमानत पर छोड़ने का आरोप, डीजी को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए

विज ने डीजी जेल को फोन कर गंभीरता से मामले में कार्रवाई की बात कही

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला सेंट्रल जेल प्रबंधन पर मिलीभगत कर एक व्यक्ति को जमानत पर छोड़ने के बजाए दूसरे व्यक्ति को छोड़ने का आरोप लगा है। परिवादी ने व्यक्ति पर फर्जी केस दर्ज करने की भी बात कही है। पीड़ित के परिजनों ने गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के समक्ष इंसाफ की गुहार लगाई है। इस संबंध में विज ने डीजी जेल को पूरे मामले में जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। यहां के गांव बलाना की रहने वाली एक महिला व उसके परिजनों ने जेल प्रशासन पर आरोप लगाते हुए बताया कि उनका बेटा झगड़े के मामले में अंबाला सेंट्रल जेल में था। उसकी बीते दिनों जमानत हो गई थी। परिवार जब बेटे को लेने जेल पहुंचे तो प्रशासन ने उन्हें बताया कि उनका बेटा पहले ही जमानत पर छूटकर घर चला गया है। उन्होंने बताया कि पूरी रात वह बेटे की तलाश करते रहे मगर उसका कहीं कोई अता-पता नहीं चला। इसके बाद वह फिर सेंट्रल जेल गए लेकिन जेल प्रशासन द्वारा उन्हें कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। लगभग सप्ताह बाद उन्हें पता चला कि उनके बेटे को फिर से कोर्ट में पेश किया जा रहा है।

### मामला काफी गंभीर

मीडिया से बातचीत करते हुए विज ने बताया कि यह काफी गंभीर मामला है। जांच के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने इस संबंध में जेल प्रशासन से भी बात की थी जिन्होंने उनसे कहा कि गलती से किसी अन्य व्यक्ति को छोड़ दिया। विज ने कहा कि यह काफी बड़ा मामला है, यदि इस प्रकार गलतियां हुई तो और भी गलत लोगों को जेल प्रशासन द्वारा छोड़ा जा सकता है। अंबाला छावनी में निगार सिनेमा की खरीद-फरोख्त कके मामले की जांच के लिए गठित कमेटी की कार्रवाई संबंधी पूछे गए सवाल पर मंत्री ने कहा कि कमेटी में कौन-कौन सदस्य थे और जांच में क्या आया, इसकी जानकारी ली जाएगी।

### परिजन बोले-लापरवाही छुपाने के लिए अब जेल प्रबंधन ने उनके बेटे के खिलाफ नया मामला दर्ज करवाकर कर दिया कोर्ट में पेश



अंबाला। विज आवास के बाहर लगी लोगों की लाइनें। फोटो : हरिभूमि

### संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश

पानीपत में प्लाट खरीदने के नाम पर 36 लाख रुपए की ठगी मामले में पानीपत एसपी से पूर्व में दर्ज मामले में अब तक हुई कार्रवाई की रिपोर्ट तलब की। परिवार ने अपनी शिकायत देते हुए बताया कि प्लाट खरीदने के लिए 36 लाख रूपए की राशि उन्होंने बिल्डर को दी थी, मगर न तो राशि वापस दी गई और न ही प्लाट दिया गया। केस दर्ज होने के बावजूद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इसी तरह रेवाड़ी की युवती से छेड़छाड़ मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर मंत्री ने एसपी रेवाड़ी को फोन लगाते हुए जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने के नर्दिश दिए। उन्होंने कहा कि महिला अपराधों पर तत्परता से पुलिस कार्रवाई करे। करनाल से आए व्यक्ति ने पिता-पुत्र व एक रशितेदार को विदेश भेजने के नाम पर 55 लाख रुपए ठगी के आरोप लगाए। यह मामला कबूतरबाजी के लिए गठित एसआईटी को जांच के नर्दिश दिए। सोनीपत से आई महिला ने अपने भाई की हत्या मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने की शिकायत दी। महिला का आरोप था कि एक वर्ष पहले हत्या हुई थी लेकिन अब तक आरोपी फरार है। मंत्री ने इस मामले की छानबीन के लिए सोनीपत पुलिस कमश्नर को एसआईटी गठित कर जांच के नर्दिश दिए। इसी तरह अन्य कई मामले आए जिन पर गृह मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के नर्दिश दिए।

## खबर संक्षेप



### प्राइमरी स्कूलों की विजिट सुनिश्चित करने के निर्देश

**बराड़ा।** बीईओ प्रमोद राणा व बीआसी मोनिका की अध्यक्षता में बीपीआईयू की बैठक का आयोजन हुआ। इसमें खंड के सभी सीआरसी हैड व एबीआरसी ने शिरक्त की। इस कार्यक्रम में जिला एफएलएन कोऑर्डिनेटर मनोज व संपर्क फाउंडेशन की पूनम ने मुख्य रूप से शिरक्त की। इस बैठक में सीआरसी हैड को एबीआरसी के साथ अपने कलस्टर के प्राइमरी स्कूलों की विजिट सुनश्चिति करने, सीखने में पिछड़ रहे कमजोर बच्चों को सिखाने पर जोर देने, गतिविधि आधारित शिक्षण पर बल, मेगा मॉनिटरिंग करने, मेंटर्स को अपनी विजिट पूरी करने,स्कूलों की आपस में बेस्ट प्रैक्टिस सांझा करने जैसे अन्य कई महत्वपूर्ण कार्यो के बारे में चर्चा की गई।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी आशीष को गिरफ्तार किया है। अब उसे एक दिन के रिमांड पर लिया है। गांव धन्यौड़ी के चरणजीत सिंह ने 15 सितंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 17 जुलाई 2023 के दौरान आरोपी आशीष व अन्य ने नौकरी लगवाने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में आरोपित दबोचा

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी पंकज उर्फ शम्मी को प्रोडक्शन वांरट पर गिरफ्तार किया है। रामपुर सरसेहड़ी स्कूल की मुख्य अध्यापिका ने 29 नवंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि किसी ने स्कूल से सिलेंडर, दो बाल्टियां व दो पतीले चोरी करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### धोखाधड़ी का आरोपित एक दिन के रिमांड पर

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी हरदीप सिंह को गिरफ्तार किया है। अब उसे एक दिन के रिमांड पर लिया है। सेठी नगर के भूपद्रिं सिंह ने 14 जुलाई 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 15 जनवरी 2023 को आरोपी हरदीप सिंह ने कनाडा का वर्क परमिट दिलवाने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने का अपराधिक कार्य किया है। शिकायत पर केस दर्ज हुआ था।

### फिरौती मांगने का आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज फिरौती मांगने के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी महेंद्र को मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया है। अब उसे पांच दिन के रिमांड पर लिया है। अंबाला छावनी की रामा बल्डिगिं के रहने वाले शौर्य ने 30 नवंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 24 नवंबर 2023 को आरोपी ने उससे मोबाइल फोन पर कॉल करके एक बड़ी रकम की फिरौती मांगने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

## किसान बोले-दस महीने पहले दी थी चेतावनी

# बेसहारा पशुओं को ट्रॉलियों में लोड कर विधायक के आवास पर डटे किसान

समस्या का समाधान न होने से दोबारा आना पड़ा सड़कों पर, कहा फसल व नस्ल को बर्बाद कर रहे हैं पशु

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

बेसहारा पशुओं को लेकर एक फिर किसानों ने हंगामा कर दिया। भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह से जुड़े किसान मंगलवार को पशुओं को ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भर अंबाला शहर की अनाज मंडी में पहुंच गए। किसानों के विरोध की वजह से हरकत में आए प्रशासनिक अधिकारी बातचीत करने के लिए पहुंच गए। मगर यहां अफसरों व किसानों के बीच कार्रवाई को लेकर सहमति नहीं बनी। इसी वजह से किसान पशुओं से भरी ट्रॉलियां लेकर विधायक असीम गोयल के आवास पर पहुंच गए। आनन फानन में किसानों के विरोध की वजह से पुलिस को यहां सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त करने पड़े। काफी समय से किसान यहां पशुओं को लेकर डटे रहे। इससे पहले किसानों ने पशुओं से लदी ट्रॉलियों को गुब्बारों से सजाया हुआ था। यहां किसानों को एसडीएम दर्शन सिंह समेत अन्य पुलिस प्रशासन ने समझाने का प्रयास किया लेकिन किसान अपनी मांग पर अड़गि रहे। किसान पशुओं का स्थायी समाधान, गोशाला में छोड़ने और जितने पशुओं को किसान पकड़ कर लाए हैं नगर निगम के टेंडर के अनुसार किसानों को उतने रुपए देने की मांग पर अड़े रहे। भाकियू शहीद भगत सिंह के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरजीत सिंह मोहड़ी ने कहा कि प्रशासन को बार-बार कहा जा रहा है कि सड़कों और खेतों से पशुओं को हटाएं। यह पशु सड़कों पर लोगों की जान ले रहे हैं साथ ही किसानों की फसलों को भी उजाड़ रहे हैं। इसके बावजूद प्रशासन उनकी समस्या पर ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने बताया कि ऐसा दूसरी बार है कि जब किसानों को पशुओं को सड़कों से पकड़कर अपने साथ प्रशासन के दर पर छोड़ने के लिए लाना पड़ा है। 10 माह पहले भी किसान पशुओं को डीसी ऑफिस लेकर आए थे। इसके बाद प्रशासन हरकत में आया था। तब आनन-फानन में बैठकर बुलाकर पशुओं को गोशालाओं में भिजवाया था। अब दोबारा से किसान पशुओं को लेकर आए हैं तो प्रशासन ने अधिकारियों की बैठक बुला ली है। मोहड़ी ने कहा कि अब तो वे इन बेसहारा पशुओं के स्थायी समाधान को लेकर पुरजोर विरोध करने के मूढ में हैं। जब तक अफसर पशुओं की समस्या का समाधान नहीं करते वे पीछे हटने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पशु उनकी फसलों व नस्लों को तबाह कर रहे हैं। मगर प्रशासन को इस बात की जरा सी भी परवाह नहीं है।







अंबाला। ट्रॉलियों में लदे बेसहारा पशु, विधायक आवास के बाहर पशुओं के साथ डटे किसान। फोटो : हरिभूमि

### मुख्य सड़क पर लगा जाम

विधायक असीम गोयल के आवास पर दर्जनों ट्रैक्टर ट्रॉलियां लेकर पहुंचे किसानों को देखकर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की सांसें फूल गई। आनन फानन में विधायक आवास की सुरक्षा पुख्ता करनी पड़ी। इस दौरान भारी संख्या में किसान भी मुख्य सड़क पर डट गए। पुराने दल्लिी रोड पर इसी वजह से जाम की स्थिति बन गई। बीच सड़क पर पशुओं से लदी ट्रॉलियां होने के कारण कोई भी राहगीर मुख्य सड़क से नहीं निकल पाया। लोगों को वैकल्पिक रास्तों से निकलना पड़ा। किसानों साफ कहा कि अगर प्रशासन इन बेसहारा पशुओं को गौशालाओं में भेजने की जम्मिदारी नहीं लेता तो फिर वे विधायक आवास पर ही इन पशुओं को छोड़ जाएंगे।



नारायणगढ़। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान शपथ लेते ग्रामीण व महिला की गोद भराई करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# मोदी की अगुवाई में देश विश्व गुरु बनने की तरफ अग्रसर

- विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कुराली व संगरानी में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़

ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवादह्न कार्यक्रम का आयोजन गांव कुराली और संगरानी में किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र राणा ने उपस्थित लोगों को 2047 तक भारत को पूर्ण ह्यविकसित और आत्मनर्भिरह्न राष्ट्र बनाने की शपथ भी दिलवाई। गांव संगरानी में आयोजित कार्यक्रम में जिला परिषद चेयरमैन राजेश कुमार लाडी, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारणी सदस्य सुमन सैनी ने भी केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर सुरेंद्र राणा ने कहा कि सरकार ने प्रौद्योगिकी, कृषि, ग्राम्य क्रांति, उघोग व्यापार, शिक्षा, स्वास्थय, अंत्योदय, महिला एवं बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा आदि क्षेत्रों में एक नव क्रांति का सूत्रपात किया है। युवाओं को योग्यता के आधार पर 1 लाख 10 हजार सरकारी नौकरियां मिली है तथा 60 हजार पदों पर भर्ती शीघ्र की जाएगी। लोगों को चंडीगढ न जाना पड़े, इसके लिए सीएम विंडों मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा शुरू की गई थी। जिससे कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या सीएम तक पहुंचा सकता है और 11 लाख से अधिक जन-शिकायतों का पारदर्शिता से समाधान किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ऑटो अपील सस्टिम से पारदर्शिता एवं जवाबदेही तय की गई है। नियत समय में नोटिफाइड सरकारी सेवा 36 विभागों की 404 सेवाएं न मिलने पर अपीलेट अथॉरिटी को ऑटोमेटिक अपील हो जाती है। नर्धिारित समय में काम न होने पर सम्बंधित कर्मचारी/अधिकारी पर जुर्माना एवं विभागीय कार्रवाई हो सकती है।गांव संगरानी में आयोजित कार्यक्रम में जिला परिषद चेयरमैन राजेश कुमार लाडी ने कहा कि परिवार पहचान पत्र से अब लोगों को दफ्तर, दस्तावेज व दरखास्त से मुक्ति मिली है। इस एक पत्र से घर बैठे सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। निरोगी हरियाणा योजना से 32 लाख से अधिक गरीब लोगों के स्वास्थ्य की जांच की है। प्रदेश में ऑटोमेटिक घर बैठे 39 लाख बीपीएल राशन कार्ड तथा 86 लाख आयुष्मान भारत चिरायु कार्ड बने है।

# सरकार की योजनाओं की जानकारी दी

- गांव धनौरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

गांव धनौरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग की की ओर से प्रदर्शनी का आयोजन किया गया । इसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के जिलाध्यक्ष राजेश बतौरा ने शिरक्त की। कार्यक्रम में अंजू कश्यप सुपरवाइजर द्वारा सस्ते तथा पौष्टिक आहार के बारे जानकारी दी गई व मोटे अनाज को दैनिक खान-पान में शामिल करने के बारे में कहा गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को विभागीय स्कीमों के बारे में भी जानकारी दी गई। इस मौके पर गर्भवती महिला आरती की गोदभराई कर उसे आशीर्वाद दिया गया। कार्यक्रम में दो बच्चों का अन्नप्राशन भी करवाया गया। पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। जिला अध्यक्ष राजेश बतौरा ने पोषण सैल्फी भी ली। पर वंदना गर्ग, उषा रानी, रीटा रानी, ममता देवी, राममूर्ति, कृष्णा देवी आदि मौजूद रहे।



बराड़ा। पोषण अभियान में सैल्फी लेते राजेश बतौरा।

# झुग्गियों की पुनर्वास योजना में तेजी लाने के निर्देश

- हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने एचएसवीपी अधिकारियों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंडीगढ़

हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने पंचकूला में लंबित पुनर्वास योजना की समीक्षा के लिए मंगलवार को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक की। विधान सभा सचिवालय में आयोजित बैठक में शहर में घग्गर पार सेक्टर 24 में प्रस्तावित मल्टी फीचर पार्क 'स्टेट ऑफ ऑर्ट' पर भी विस्तृत चर्चा हुई। विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा कि पंचकूला की इंदिरा कॉलोनी, राजीव कॉलोनी, खड़ग मंगोली इत्यादि में बनी झुग्गियों में रहने वाले लोगों की समस्या का समाधान करने के लिए समयबद्ध तरीके से काम करना होगा। इस पर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के मुख्य प्रशासक टी.एल. सत्यप्रकाश ने बताया कि ड्रोन सर्वे का काम पूरा हो चुका है। झुग्गियों का सर्वे भी करवा लिया गया है। इस परियोजना पर दैनिक आधार पर कार्य हो रहा है। 619 झुग्गियों के पुनर्वास की योजना जल्द सिरे चढ़ा दी जाएगी। योजना में पहले उन झुग्गियों को शामिल किया जा रहा है, जिन्हें सर्वोच्च न्यायालय की ओर से राहत मिली हुई है। विधान सभा अध्यक्ष ने 18 एकड़ में बनने वाले प्रस्तावित मल्टी फीचर पार्क की प्रगति का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि यह पार्क पंचकूला को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाएगा। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि यह मल्टी फीचर पार्क जून 2024 तक बन कर तैयार हो जाएगा।



चंडीगढ़। एचएसवीपी के अधिकारियों के साथ बैठक करते विस अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के मुख्य प्रशासक टी.एल. सत्यप्रकाश, प्रशासक सुजान सिंह, एस.ई. राजीव शर्मा, मुख्य अभियंता हरि दत्त शर्मा, मुख्य वित्त नियंत्रक भारत भूषण गुप्ता, ई.ओ. मानव मलिक, कार्यकारी अभियंता एन. के. पायल, रोहताश सिंह, बागवानी के अधीक्षक अभियन्ता ए.के. राणा, सर्वे के एस.डी.ई. कैलाश काला, समेत अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

# हेरोइन तस्करी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज हेरोइन तस्करी के मामले में सीआईए-शहजादपुर ने आरोपी विकास उर्फ डैनी को प्रोडक्शन वांरट पर गिरफ्तार किया है। इस मामले में संलप्ति एक आरोपी अमित सोनकर पहले ही गिरफ्तार हो चुका है। दौराने पूछताछ आरोपी ने बतलाया कि विकास उर्फ डैनी भी इस मामले मे संलप्ति है। सीआईए-शहजादपुर को सूचना मिली थी कि आरोपी नशा तस्करी का कार्य करता है। पुलिस ने ग्रेस पैलेस महेशनगर के पास नाकाबंदी कर आरोपी को काबू किया था। तब उसके कब्जे से 10 ग्राम 70 मिलग्रािम हेरोइन बरामद हुई थी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681005

## कॉलोनाइजरों ने गैरकानूनी तरीके से कॉलोनी काटी थी

# गांव माजरी में अवैध निर्माण को किया ध्वस्त

- आदेश के बावजूद कॉलोनाइजरों ने नहीं की तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

जिला नगर योजनाकार के दस्ते ने मंगलवार को अर्बन एरिया अंबाला छावनी के गांव माजरी में लगभग एक एकड़ में अवैध रूप से काटी गई कॉलोनी में हुए निर्माणों को ढहा दिया। यहां कॉलोनाइजरों की ओर से कच्ची मिट्टी की सडक़ों के जाल को अर्थ-मुविंग मशीन द्वारा पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया। मौके पर, ड्यूटी मजिस्ट्रेट जिला नगर योजनाकार श्री रोहित चौहान, सहायक नगर योजनाकार राजेश कुमार, कनष्ठि अभियंता रवद्रिं भी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर उपस्थित रहे। डीटीपी चौहान ने बताया कि यहां कॉलोनाइजरों की ओर से गैरकानूनी तरीके से कॉलोनी काटी थी। इस कॉलोनी में लोगों को सस्ते प्लाट का लालच देकर खरीद फरोख्त हो रही थी। उन्होंने बताया कि सूचना के बाद कॉलोनाइजरों को नोटिस दिया था। नोटिस में यहां हुए अवैध नर्माण को तुरंत ढहाने के आदेश दिए गए थे। आदेश के बावजूद कॉलोनाइजरों ने तोड़फोड़ नहीं की। इसी वजह से अब उन्हें यह कार्रवाई करनी पड़ी।





अंबाला। अवैध कॉलोनी में हुए नर्माणों को ढहाती जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

### नियमानुसार कॉलोनी विकसित करें

उन्होंने लोगों से अपील की कि वे ऐसी किसी भी कॉलोनी में कोई प्लाट खरीदकर नर्माण न करें। अगर कोई ऐसा करेगा तो उसके खिलाफ इस तरह ही कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा रिहायशी जोन में दीन दयाल जन आवास योजना के तहत 5 एकड़ में रिहायशी कॉलोनी विकसित करने हेतू पॉलिसी जारी की हुई है। इसमें ईडीसी के चार्जेस न के बराबर हैं इसलिए अवैध कॉलोनी काटने वालों से अनुरोध है कि उपरोक्त पॉलिसी के तहत सरकार से नियमानुसार अनुमति लेकर कॉलोनी विकसित करें ताकि शहर को सुव्यस्थित तरीके से विकसित किया जा सके।

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**पंचकूला।** राजकीय महाविद्यालय कालका की प्राचार्या प्रोमिला मलिक के कुशल नेतृत्व में विद्यार्थियों को वोट बनवाने तथा मतदान हेतु जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। राजकीय महाविद्यालय कालका में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरुर डालेंगे हम विषय पर सुंदर रंगोली बनाई और निबंध लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया। प्राचार्या प्रोमिला मलिक ने विद्यार्थियों को मतदान की अनिवार्यता एवं उपयोगिता के बारे में बताया। प्राचार्या प्रोमिला मलिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपका वोट आपकी आवाज है।